दैनिक भास्कर
05-Mar-2019
पटना Page 2

# गाजियाबाद की बस की फोन से भी होगी सीट बुकिंग

## मोबाइल नंबर 9798047742 पर करना होगा कॉल, ऑनलाइन सुविधा भी जल्द

सिटी रिपोर्टर | पटना




**पटना से किराया**

सीटर बस ₹1650 | स्लीपर बस ₹1900

**बस का रूट**

पटना, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, नोएडा, गाजियाबाद

पटना से नोएडा-गाजियाबाद के लिए बससेवा सोमवार से शुरू हो गई। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल बताया कि पटना से गाजियाबाद और गाजियाबाद से पटना के लिए सोमवार को दोपहर 2 बजे बस खुली। पहले दिन यात्रियों का काफी अच्छा रेस्पॉन्स मिला। सभी सीटें फुल रहीं। बस परिचालन से यात्रियों में खुशी है। होली पर घर आने में बिहारवासियों को अब काफी आसानी होगी। पटना के साथ किशनगंज से भी गाजियाबाद के लिए बससेवा शुरू की गई। पटना से गाजियाबाद के लिए वॉल्वो बस में बुकिंग कराने वाली पहली पैसेंजर पुष्पा झा रहीं। उन्होंने बताया कि अब लोगों को ट्रेन और फ्लाइट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

**पटना से चार बसें**

गाजियाबाद के लिए चलने वाली सात बसों में 2 स्लीपर और 5 सीटर वॉल्वो बसें हैं। पटना से गाजियाबाद के लिए चार बसों का परिचालन होगा। इनमें दो सिटिंग और दो स्लीपर बसें हैं। वहीं बक्सर, नालंदा व किशनगंज से एक-एक अत्याधुनिक तकनीक से लैस सिटिंग बस चलेगी। एक स्लीपर बस पर करीब 1.65 करोड़ रुपए की लागत आई है। ऑनलाइन सीट बुकिंग की सुविधा मिलेगी। टिकट की बुकिंग रेड बस एप के माध्यम से कराई जा सकेगी। सीटर बस 52 यात्रियों की क्षमता वाली है, जबकि स्लीपर बस 42 सीटर है। मोबाइल नंबर 9798047742 पर कॉल कर एडवांस बुकिंग कराई जा सकती है।